पत्रांक-स्था0-2-वा0क0अ0-ए0सी0पी0-परिपत्र/2020-21/ 2768 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊः दिनांक 08 सितम्बर 2020

समस्त जोनल एडीशलन कमिश्नर/
अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान/
समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(उ0न्या0का0)/
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक), वाणिज्य कर,
समस्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन), वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विषय- सेलेक्शन ग्रेड/ प्रोन्नति वेतनमान/ समयमान वेतनमान तथा सुनिश्चित कैरियर स्तरोन्नयन (ए0सी0पी0) के प्रत्यावेदनों के अग्रसारण के सम्बंध में।

प्रायः संज्ञान में आया है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा उपर्युक्त विषयक प्रत्यावेदन सम्बंधित नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा बिना परीक्षण कराये मुख्यालय अग्रसारित कर दिये जाते है जिसके कारण प्रत्यावेदन में अधिकारियों से सम्बंधित वांछित सूचनाएं उपलब्ध नही होती है, जिससे उनके प्रत्यावेदनों पर अग्रिम कार्यवाही में विलम्ब होता है। उल्लेखनीय है कि जोनों में कार्यरत अधिकारियों के सेवा अभिलेख सम्बंधित नियन्त्रक अधिकारियों के कार्यालय में होते हैं। अतः सम्बंधित नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा प्रार्थना-पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं व सेवा अभिलेखों के आधार पर सेवा विवरण तैयार कराकर सुसंगत वित्तीय नियमों/ शासनादेशों के आलोक में सम्यक परीक्षण कराते हुए संस्तुति सहित प्रार्थना-पत्र व सेवा विवरण अग्रसारित किये जाने की आवश्यकता है।

उक्त के दृष्टिगत उपर्युक्त विषयक प्रार्थना-पत्र मुख्यालय अग्रसारित किये जाने के साथ सम्बंधित नियन्त्रक अधिकारी स्तर से निम्न प्रारूप में सूचना तथा लाभ अनुमन्य किये जाने हेतु सुसंगत वित्तीय नियमों/शासनादेशों के आलोक में परीक्षण कराकर आख्या उपलब्ध करायी जाय।

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम/पदनाम/ जन्मतिथि	प्रथम नियुक्ति का पदनाम/ नियुक्ति की तिथि	08 वर्षीय समयमान वेतनमान अनुमन्य किये जाने की तिथि	14 /19 वर्षीय प्रोन्नत वेतनमान अनुमन्य किये जाने की तिथि	10/16/26 वर्षीय ए0सी0पी0 अनुमन्य हुआ हो तो उसकी तिथि	असि0कमि0/ डिप्टी कमि0/ ज्वा0 कमि0 के पद पर पदोन्नति की तिथि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

उक्त के अतिरिक्त विभाग में ए0सी0पी0 की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आपके जोन में सीधी भर्ती (असिस्टेन्ट कमिश्नर के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त) व पदोन्नति (वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त) के माध्यम से कार्यरत अधिकारियों के

सम्बंध में निम्न प्रारूप-1 व प्रारूप-2 पर जोनवार सूचना संकलित कराते हुए मुख्यालय उपलब्ध कराने का कष्ट करें:-

प्रारूप-1 (असिस्टेन्ट कमिश्नर के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अधिकारियों के सम्बंध में सूचना)

क्रमांक	जोन का नाम	कुल अधिकारियों की संख्या	कुल अधिकारियों की संख्या, जिनको ए0सी0पी0 की देयता बनती है	ए0सी0पी0 का विवरण			अभ्युक्ति
				प्रथम	द्वितीय	तृतीय	
1	2	3	4	5	6	7	8

प्रारूप-2 (वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अधिकारियों के सम्बंध में सूचना)

क्रमांक	जोन का नाम	कुल अधिकारियों की संख्या	कुल अधिकारियों की संख्या, जिनको ए0सी0पी0 की देयता बनती है	ए0सी0पी0 का विवरण			अभ्युक्ति
				प्रथम	द्वितीय	तृतीय	
1	2	3	4	5	6	7	8

उक्त दोनों प्रारूपों में उन्ही अधिकारियों की सूचना उपलब्ध करायी जाये जिनके सम्बंध में ए0सी0पी0 की व्यवस्था के अन्तर्गत विभिन्न शासनादेशों यथा शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-773/दस-62(एम)/2008, दिनांक 05-11-2014, शासनादेश संख्या- 08/2015-वे0आ0-2-190/दस-62(एम) /2008 टी0सी0-1, दिनांक 03-03-2015 व शासनादेश संख्या-50/2015-वे0आ0-2-871/दस-62(एम) /2008 टी0सी0-1, दिनांक 26-08-2015 व अन्य सुसंगत नियमों के तहत परीक्षण करा लिया गया हो और उन्हें ए0सी0पी0 की अनुमन्यता बनती हो। दोनों प्रारूपों की सूचना अलग-अलग उपलब्ध करायी जाये।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि- डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0), वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।

08-09-2020
(डी0 के0 सचान)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0), वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।